Title: Regarding promotion of an I.P.S. officer of 1971 batch belonging to dalit community.

श्री रामदास आठवले : उपाध्यक्ष महोदय, 22 नवम्बर के राष्ट्रीय सहारा में 1971 के दिल्ली समाज के आई.पी.एस.â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ramdas Athawale, the matter, which you are raising, belongs to an individual.

श्री रामदास आठवले : यह राष्ट्रीय सहारा का मामला है।

उपाध्यक्ष महोदय : चाहे कुछ भी हो,आपको बहुत ध्यान से वर्डिंग करनी है।

* Expunged as ordered by the Chair

13.00 hrs.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, 22 नवंबर के समाचार पत्र ' राष्ट्रीय सहारा' में एक समाचार आया है दलित समाज के 1971 बैच के एक आई.पी.एस. अधिकारी को जो प्रमोशन मिलनी चाहिए थी, उनको प्रमोशन नहीं मिली। उस अधिकारी की सी.आर. खराब कर दी गई और 1985 में वे बीकानेर के पुलिस अधीक्षक भी थे। उन पर जो आरोप लगे थे, उनकी जांच हुई और वे आरोप निराधार पाए गए हैं। इसलिए मेरा कहना है कि दलित समाज के बहुत सारे अधिकारियों की सी.आर. जान-बूझकर खराब की जाती है। प्रमोद महाजन जी से निवेदन है कि जो इस तरह का अन्याय हो रहा है, उसको दूर करने के लिए आपकी सरकार दलित और आदिवासी अधिकारियों की मदद करने वाली है या नहीं, उस बारे में आप थोड़ा बताएं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

1301 hours

The Lok Sabha then adjourned lunch till Fourteen of the Clock.